बाल मनोविज्ञान — 1

प्रत्येक प्रश्न संख्या के अन्तर्गत दिए गए विकल्पों में से आपने जिस प्रश्न को उत्तर देने के लिए चुना है, उसके आगे बने बॉक्स पर निशान (✓) अवश्य लगाएँ अन्यथा आपका उत्तर अमान्य हो सकता है।

लघु-उत्तर वाले प्रश्न (लगभग 100 शब्दों में उत्तर दें)।

प्रत्येक प्रश्न के लिए अधिकतम अंक 5 हैं।

1. संवेदीकरण, प्रत्यक्षीकरण और प्रत्ययीकरण की अवधारणा स्पष्ट कीजिए। ☐

अथवा

उत्तर बाल्यावस्था के बच्चों की विकास संबंधी विशेषताओं को अपने अवलोकन के आधार पर स्पष्ट कीजिए। ☐

2. विकास के 'वैयक्तिकता का सिद्धान्त' को मद्देनज़र रखते हुए आप अपने शिक्षण को किस प्रकार व्यवस्थित करते हैं ? किसी एक शिक्षण-विषय के संदर्भ में स्पष्ट कीजिए। ☐

अथवा

विकास के 'परस्पर संबंध का सिद्धान्त' को मद्देनज़र रखते हुए आप अपने शिक्षण को किस प्रकार व्यवस्थित करते हैं ? अपने विद्यालयी अनुभवों के आधार पर स्पष्ट कीजिए। ☐

3. बच्चों के शारीरिक और गत्यात्मक विकास का ज्ञान एक शिक्षक के लिए क्यों आवश्यक है ? ☐

अथवा

'बच्चों का मस्तिष्क विकास अन्य विकासों का आधार है।' इस कथन के सन्दर्भ में अपने विचार प्रकट कीजिए। ☐

4. संज्ञानात्मक विकास में भाषा की भूमिका को अपने अनुभव के आधार पर स्पष्ट कीजिए। ☐

अथवा

आपके विचार से शारीरिक विकास में आनुवांशिक कारक ज़्यादा महत्त्वपूर्ण होते हैं अथवा वातावरण से संबंधित कारक ? अपने अनुभवों के आधार पर स्पष्ट कीजिए। ☐

5. स्थूल गत्यात्मक कौशल क्या है ? बच्चों में इनके विकास के लिए आप अपने विद्यालय में किन-किन गतिविधियों का आयोजन करते हैं ?

अथवा

शारीरिक विकास में अभिभावकों की भूमिका को स्पष्ट कीजिए । क्या वे अपनी भूमिका का निर्वाह कर पाते हैं ? अपने विद्यालयी अनुभव के आधार पर बताइए ।

S1·2

6. सृजनात्मकता क्या है ? उसका विकास करने में अभिभावकों और शिक्षकों की भूमिका को स्पष्ट कीजिए ।

अथवा

अपने विद्यालय की किन्हीं ऐसी दो परिस्थितियों के बारे में लिखिए जिसमें आपको लगता है कि बच्चों में सकारात्मक संवेगात्मक विकास हो रहा है ।

S1·2

7. सुरक्षा और सुनिश्चिता के भाव के दुर्बल होने से या न होने से शिशु के स्वयं के बोध पर क्या प्रभाव पड़ सकता है ?

अथवा

एक शिक्षक के रूप में आप किस प्रकार बच्चों के संवेगों को समझने और नियंत्रित करने में मदद करते हैं ?

S1·2

8. जीन पियाजे की पूर्व संक्रियात्मक अवस्था की मुख्य विशेषताएँ समझाइए ।

अथवा

बच्चों के सीखने में मार्गदर्शन या स्कैफोल्डिंग का क्या महत्त्व है ? अपने शिक्षण-अनुभव के आधार पर स्पष्ट कीजिए ।

दीर्घ-उत्तर वाले प्रश्न (न्यूनतम 350 शब्दों में उत्तर दें) ।

प्रत्येक प्रश्न के लिए अधिकतम अंक 10 हैं ।

9. बुद्धि की अवधारणा को स्पष्ट कीजिए । गार्डनर का बहु-बुद्धि सिद्धान्त बुद्धि के किन प्रकारों की चर्चा करता है ? उदाहरण सहित समझाइए ।

अथवा

बच्चों की समझ के विकास के सन्दर्भ में वाइगोत्स्की के सामाजिक-सांस्कृतिक निर्माणवादी सिद्धान्त की चर्चा कीजिए । अपने विद्यालय-अनुभव के आधार पर इस सिद्धान्त के पक्ष अथवा विपक्ष में अपने विचार प्रकट कीजिए ।

10. संवेगात्मक विकास से आप क्या समझते हैं ? संवेगात्मक विकास में 'लगाव' की अवधारणा को स्पष्ट करते हुए बाल्बी द्वारा प्रस्तावित 'लगाव' के सिद्धान्त को उदाहरण सहित समझाइए ।

अथवा

बाल विकास का अर्थ स्पष्ट करते हुए विकास को प्रभावित करने वाले विभिन्न कारकों को उदाहरण सहित स्पष्ट कीजिए ।